Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding construction of RoB, VUP and CUP on NH 52 in Churu Parliamentar Constituency, Rajasthan.

श्री राहुल कस्वां (चुरू) : मेरे लोकसभा क्षेत्र चुरू में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 52 को 2 लेन से 4 लेन का कि जाने हेतु कार्य प्रारंभ किया जाना हैं। सड़क निर्माण से पूर्व सड़क की सुरक्षा की दृष्टि से विभिन्न विभाग के अधिकारियों के द्वारा सड़क का निरिक्षण किया गया था। इस निरीक्षण के दौरान पाया गया कि अनेक स्था पर दुर्घटनाओं में कमी लाये जाने हेतु VUP व CUP बनाये जाने की अत्यंत आवश्यकता हैं। गाँव भांगीवा बाघसरा, आथुना, खोटिया, ढाणी डीसपुरा, रामसरा, ढाढर, लाखाऊ, लादडीया, दुधवा खारा, सादुलपु बाईपास पर खेमाणा, ढढाल व गुलपुरा के रास्ते पर, श्योपुरा व इन्दासर वे गाँव हैं, जहाँ इनकी अत्यंत ही मां थी। काफी स्थानों पर ग्रामीणजन के द्वारा इनके साथ-साथ ROB बनाये जाने हेतु भी मांग की थी। इनका ए मुख्य कारण यह भी हैं कि इन गाँवों में रिहायशी इलाका एक तरफ व सभी सरकारी संस्थाएं व रेलवे स्टेश दूसरी तरफ पड़ती हैं और आमजन को अनेकों बार सड़क को पार करना पड़ता हैं, जिससे लगातार दुर्घट होने की आशंका बनी रहती हैं और काफी स्थानों पर दुर्घटनायें होती भी हैं, जिसकी वजह से आमजन व जीवन खतरे में रहता हैं। अतः मेरा सदन के माध्यम से सरकार अनुरोध हैं कि इन सभी स्थानों पर ROI VUP व CUP आवश्यकता अनुसार बनवाए जायें, ताकि भविष्य में दुर्घटनाओं को होने से बचाया जा सकें।

HON. CHAIRPERSON:

Shri Sanjay Jadhav – not present.